वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 102 बुधवार 9 अगस्त 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# पुलिस में बढ़ाएं महिलाओं की भागीदारी: गहलोत

## नए जिलों में एससी-एसटी एक्ट के मुकदमों की जांच के लिए बनेगी सेल

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि पुलिस में हर लेवल पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कदम उठाएं जाएं। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में सामाजिक जागरूकता लाइ जाए। एससी-एसटी अत्याचार के मामलों में पुलिस बिना किसी दबाव के तेजी से जांच करके न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। एससी-एसटी के मामलों में एफआर के बाद उनके रिव्यू का दायरा और बढ़ाया जाए। सीएम अशोक गहलोत एससी एसटी अत्याचार निवारण एक्ट के तहत बनी राज्य स्तरीय सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति की बैठक में बोल रहे थे। बैठक में सीएम ने एससी-एसटी के पैंडिंग मामलों में जांच कम से कम समय में पूरी करने को कहा है। सीएम ने एससी एसटी के मामलों के निस्तारण को 60 दिन से कम समय में करने को कहा है।



### बैठक में अहम फैसले, नए जिलों में एससी-एसटी एक्ट के मुकदमों की जांच के लिए बनेगी सेल

राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक में कई फैसले किए गए। नए जिलों में एससी-एसटी एक्ट की जांच के लिए डिप्टी एसपी की अध्यक्षता में सैल बनाने का फैसला किया है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के मामलों के लिए एडिशनल एसपी की अध्यक्षता में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट फॉर क्राइम एगेंस्ट वूमेन (सिकाउ) यूनिट बनेगी। एससी-एसटी एक्ट के मामलों के निस्तारण में 2017 में 197 दिन का समय लगता था, अब 64 दिन का वक्त लगता है। बैठक में यह तय हुआ है कि अब 60 दिन से कम समय में जांच से लेकर पूरे मामले का निस्तारण किया जाए।

### ब्लॉक स्तर पर खुलेंगे सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के दफ्तर

ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के दफ्तर खोलने का फैसला किया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के हॉस्टलों में रहकर पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के साथ सीएम का संवाद कार्यक्रम किा जाएगा। इसकी तारीख जल्द तय होगी। छात्रावासों में अध्ययनरत बालिकाओं एवं बालकों से मुख्यमंत्री का संवाद कार्यक्रम किया जाएगा। एससी-एसटी एक्ट के मामलों में पीड़ित को मिलने वाले मुआवजे में केंद्र सरकार से मिलने वाले फंड में देरी का मामला बैठक में उठा। एससी-एसटी एक्ट की एफआईआर के साथ ही पीड़ित को पीड़ित प्रतिकर योजना का लाभ देने के लिए जरूरी जानकारियां भी पुलिस को समय पर साझा करने के आदेश दिए गए हैं।

### सरकारी हॉस्टलों में रहने वाले बच्चों की संख्या बढ़ाई जाएगी

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के हॉस्टल्स में रहने वाले स्टूडेंट्स की संख्या को दोगुना करने का फैसला किया है। इन हॉस्टल में स्टूडेंट की संख्या को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख किया जाएगा।

**सरकार के खिलाफ उपवास पर बैठेंगे उपेन यादव: बोले...**

# 24 घंटे में कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष की नियुक्ति करे सरकार

**जयपुर. कासं**

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा के इस्तीफे का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने कहा कि शर्मा इस्तीफे के बाद से ही प्रक्रियाधीन भर्तियां अटक चुकी है। वहीं नई भर्तियों की विज्ञप्ति भी जारी नहीं हो पा रही है। ऐसे में अगर सरकार ने अगले 24 घंटों में नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की। तो मैं 10 अगस्त को कर्मचारी चयन बोर्ड मुख्यालय पर उपवास पर बैठ जाऊंगा। उपेन में कहा कि हरिप्रसाद शर्मा को इस्तीफा दिए दो सप्ताह से ज्यादा का वक्त बीत गया है। शर्मा खुद इस बात को स्वीकार कर चुके हैं कि अगर वह खुद अध्यक्ष रहते हैं। तो भर्ती प्रक्रिया अटक सकती



है। बावजूद इसके सरकार आंखें मूंद बैठी है। जिसका प्रदेश की बेरोजगार पुरजोर विरोध करते हैं। ऐसे में हम यही चाहते हैं कि न सिर्फ अध्यक्ष बल्कि बोर्ड सदस्यों की भी नियुक्ति की जाए। ताकि प्रदेश के युवाओं को जल्द से जल्द रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में 1 लाख नई भर्तियों की घोषणा की थी। लेकिन अब तक इनमें से एक भी पद पर भर्ती विज्ञप्ति जारी नहीं हुई है। वहीं इनमें से एक पद का वर्गीकरण तक किया गया है। ऐसे में अगर सरकार ने जल्द ही भर्ती कैलेंडर जारी कर 1 लाख पदों पर वर्गीकरण के साथ विज्ञप्ति जारी नहीं की। तो प्रदेशभर के बेरोजगार आने वाले चुनाव में सरकार को वोट की चोट से इसका करारा जवाब देंगे। गौरतलब है कि कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने पिछले महीने 23 जुलाई को अपना इस्तीफा सरकार को भेजा दिया था। जिसमें उनहोंने बताया था कि 'मेरा कार्यकाल इसी 7 अक्टूबर को पूरा हो जाएगा। फिलहाल बोर्ड द्वारा 8 भर्ती परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे में अगर मैं अपना कार्यकाल पूरा भी कर लेता तो भी सिर्फ तीन भर्ती परीक्षाओं को पूरा कर पाऊंगा।

## बंधन ग्रुप द्वारा 11 एवम 12 अगस्त को बिक्री एवम प्रदर्शनी का गायत्री नगर में होगा आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महिलाओं द्वारा महिलाओ के उत्थान एवम स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु जयपुर शहर के बंधन ग्रुप द्वारा दिनांक 11 एवम 12 अगस्त 2023 को राखी के त्यौहार से संबंधित उत्पादों की बिक्री एवम प्रदर्शनी हेतु कार्यक्रमों से संबंधित पोस्टर का विमोचन आज जयपुर शहर के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक अशोक लाहोटी जी द्वारा किया गया। बंधन ग्रुप द्वारा यह प्रदर्शनी दिनांक 11 एवम 12 अगस्त को दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर जयपुर में आयोजित की जा रही है। विधायक अशोक लाहोटी ने इस प्रदर्शनी के आयोजकों को प्रदर्शनी की सफलता की अग्रिम बधाई एवम शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर विधायक अशोक लाहोटी ने महिलाओ एवम पुरुषो को आव्हान किया की इस प्रदर्शनी में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर महिलाओ एवम आयोजकों का उत्साह वर्धन करें।

## नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

**राजाखेड़ा. शाबाश इंडिया**



स्वर्गीय श्री इंद्र जीत जैन की पुण्य स्मृति में श्रीमती आशा जैन धर्मपत्नी अभय जैन द्वारा राजाखेड़ा में नि शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन दिनांक 8 अगस्त को पंचायत समिति भवन दुकान नंबर 21 राजाखेड़ा में पर किया गया। जिसमें 150 मरीजों की नेत्र जांच की गई जिसमें से 15 मरीजों को मोतीयबिन्द के ऑपरेशन के लिए मुरैना ले जाया गया जहाँ उनके ऑपरेशन किये जायेंगे।


श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय

श्री महेंद्र कुमार जी पाटनी

के आकस्मिक निधन पर हम विनम्र-श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

राकेश विनायका — अध्यक्ष | सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या — राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष

अनिल कुमार जैन — राष्ट्रीय परामर्शक | विपुल बाजल — राष्ट्रीय महामंत्री

अतुल बिलाला — राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

एवम समस्त कार्यकरिणी दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन


## मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी- राजस्थान प्राकृत भाषा एवं साहित्य अकादमी का गठन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राज्य सरकार द्वारा राजस्थान प्राकृत भाषा एवं साहित्य अकादमी का गठन किया जाएगा। यह अकादमी जैन धर्म के लोक साहित्य के प्रकाशन एवं जैन समुदाय की पुरातात्विक धरोहरों एवं मंदिरों के पुररूद्धार व संरक्षण हेतु कार्य करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा अकादमी के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इसके द्वारा प्राकृत एवं जैन भाषा के साहित्य का संरक्षण, संवर्धन तथा अभिवृद्धि के लिए अनेक कार्य किए जाएंगे। जिनमें उच्च स्तरीय ग्रन्थों, पाण्डुलिपियों, साहित्य कोष, शब्दावली एवं ग्रन्थ की निर्देशिका तैयार करना, प्राकृत भाषा का भारतीय भाषाओं में अनुवाद करना, साहित्य सम्मेलन, विचार-गोष्ठियां, परिसंवाद आदि कार्य शामिल हैं।




श्रद्धांजलि

हमारे आदरणीय

श्री महेंद्र कुमार जी पाटनी

के आकस्मिक निधन पर हम विनम्र-श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

संस्थापक अध्यक्ष ज्ञान चंद झांझरी | प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन | प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा | कोषाध्यक्ष रवि प्रकाश जैन

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर

# जेएसजी नॉर्दन रीजन के आगामी क्रिकेट प्रीमियर लीग के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर**




जैन सोशल ग्रुप इंट फेडरेशन नॉर्दर्न रीजन द्वारा दिनांक7.8.2023 को आयोजित प्रेसिडेंट एवं सेक्रेटरी मीटिंग का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम को जेएसजी यूनिवर्स एवं जेएसजी वीनस के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम मे रीजन सचिव सिद्धार्थ जैन के द्वारा रीजन चेयरमैन महेंद्र सिंघवी के साथ इंजी. राकेश जैन, पूर्व अध्यक्ष JSGIF, एवम संस्थापक नॉर्दर्न रीजन, महेन्द्र गिरधारवाल,सचिवJSGIF, राजीव पाटनी चेयरमैन इलेक्ट,क्रिकेट एडवाइजर उजास जैन एवं संजय जैन, होस्ट ग्रुप जेएसजी यूनिवर्स के प्रेसिडेंट दीक्षांत हाडा एवं जेएसजी वीनस के अध्यक्ष नितिन जैन को मंच आमंत्रण एवं स्वागत के उपरांत रीजन चेयरमैन महेंद्र सिंघवी ने फेडरेशन एवम रीजन से पधारे हुए सभी अतिथियों एवम सभी पूर्व चेयरमैंस, सभी ग्रुप्स, संगिनी फोरम से पधारे हुए सभी पदाधिकारीगण का अपने उदबोधन के माध्यम से स्वागत किया एवम जेएसजी यूनिवर्स एवं जेएसजी वीनस की पूरी टीम को सहयोग प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पशचात रीजन चेयरमैन महेंद्र सिंघवी ने आगामी 13से 20 अगस्त तक मनाए जाने वाला सेवा सप्ताह एवं आगामी क्रिकेट प्रीमियर लीग की विस्तृत जानकारी प्रदान करी , जेएसजी यूनिवर्स के अध्यक्ष दीक्षांत हाडा द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को आगामी 8 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2023 को होने वाली क्रिकेट प्रीमियर लीग के नियमों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट के पोस्टर का भी विमोचन भी किया गया, साथ ही आगामी सेवा सप्ताह के मध्य 15 अगस्त को ध्वजारोहण के समारोह का पोस्टर विमोचन किया गया इस कार्यक्रम कौ जेएसजी सिद्धा द्वारा स्पॉन्सर किया जाएगा।कार्यक्रम के अंत मे रीजन सेक्रेटरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया और सभी पधारे हुए अतिथियों और ग्रुप एवम संगिनी फोरम के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया ।

श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय
श्री महेंद्र कुमार जी पाटनी
के आकस्मिक निधन पर हम
विनम्र-श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
श्रद्धावनत
संजय-सपना जैन छाबड़ा आवा: अध्यक्ष
सुनील-अनिता गंगवाल: सचिव
प्रदीप-निशा जैन: संस्थापक अध्यक्ष
स्वाति-नरेंद्र जैन: ग्रीटिंग कमेटी चेयरमैन
जैन सोश्यल ग्रुप महानगर परिवार

श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय
श्री महेंद्र कुमार जी पाटनी
के आकस्मिक निधन पर हम
विनम्र-श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
श्रद्धावनत
सारिका जैन अध्यक्ष
स्वाति जैन सचिव
सखी गुलाबी नगरी जयपुर परिवार

## वेद ज्ञान

# आपका आत्म जागरण

आप सब छोड़ सकते हैं, पर अपनी पहचान और अपनी बुद्धि को नहीं छोड़ सकते हैं। अपने प्रेम को नहीं। अपनी अभिव्यक्ति को नहीं। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह आपकी अपनी दुनिया है। इसे आपने मान लिया है। पर यह भी सत्य है कि यह आपकी बाहर की यात्रा है। आप किनारे की ओर जा रहे हैं। उस किनारे पहुंचकर-आप लौटना चाहें, भी तो नहीं लौट सकेंगे। वह शरीर का किनारा है। वहां से आप शिशु बनना चाहो, तो नहीं बन सकते। यह आपकी आंतरिक नहीं, बल्कि बाह्य यात्रा है जो भोग की यात्रा है। जो काम की यात्रा है। यह आपकी अधोगामी यात्रा है। आप अपने केंद्र से अधोगामी हो गए हैं। आपकी जाग्रति तो हुई है, पर आप जागकर अपनी सीमा की ओर नहीं जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि आप दो दिशाओं में विभाजित हो चुके हैं। उन दो दिशाओं के दो लक्ष्य हैं। एक अंतर्मन की ओर की दिशा, जो आपका आत्म-जागरण है। बोध का जागरण है। संबोधन का जागरण है। स्वयं की अंतर्यात्रा है। जिसकी सीमा ही आप हैं। एक बाहर की ओर की दिशा, जहां आप जा रहे हैं। जिसे आपने स्वीकार कर लिया है। यह यौन क्रिया की यात्रा है। यहां पर निर्माण है। रचना है। तादात्म्य है। इसके तल में प्रकृति है। प्रकृति के सभी विकार हैं। यह भोग की यात्रा है। यह निर्माण की यात्रा है। यह वह किनारा है, जहां समन्वय है, संबंध है, स्थापना है। संपर्क है, पहचान है। यहां आप उस स्थिति में होते हैं, जहां भोग ही भोग है। पशु और आपमें कोई अंतर नहीं है। इस यात्रा में आपकी प्रवृत्ति पशुवत होती है, पर यह अन्य जीवों की अंतिम यात्रा है। यह पशु-पक्षियों के जीवन की अंतिम सीमा है, पर यह आपकी पहली सीढ़ी है। यह आपकी प्रथम सीमा है। पहला जागरण है। इस प्रकृति में। इस प्रवाहित प्रवृत्ति में आपमें और पशु में कोई अंतर नहीं है। उस धरातल पर खड़े होकर आप भी पशुवत हो जाते हैं। यह अधोगमन की यात्रा है। आपके अंतस में, आपके अंतर्मन में जो दूसरी यात्रा है, जो दूसरी दिशा का छोर है। वह बुद्धि है। बुद्धि छोर नहीं है। यह आपका किनारा नहीं। बुद्धि के तल पर बुद्धि के बाद ही आप हैं, आपका परमात्मा है। बुद्धि के तल से बाहर निकलने के बाद फिर आप नहीं होते हैं। तब आप परमात्ममय होते हो, आत्ममय होते हो।

## संपादकीय

# स्थायी शांति के लिए जीतना होगा आम आदमी का भरोसा

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन जवानों की शहादत ने फिर यही दर्शाया है कि इस इलाके में आतंकवाद की जड़ें अभी गहरी हैं और उसके सफाए के लिए सरकार को सख्ती बढ़ानी होगी। शुक्रवार को कुलगाम के हलान जंगल में आतंकियों ने सेना के टेंट पर गोलीबारी की थी। इसके बाद जब सुरक्षा बलों के जवानों ने जवाबी कार्रवाई की, तब मुठभेड़ ने गंभीर शक्ल अख्तियार कर ली। इसमें इलाके की जटिलता की वजह से आतंकियों की ओर से की गई गोलीबारी में सुरक्षा बलों के तीन जवान घायल हो गए। बाद में उनका जीवन नहीं बचाया जा सका। खबरों के मुताबिक, हमलावर आतंकी पीर पंजाल क्षेत्र से घुसपैठ करके आए थे। मुठभेड़ के बाद भाग गए आतंकियों की तलाश के लिए अभियान में ड्रोन की भी मदद ली गई, लेकिन इससे यही जाहिर होता है कि कश्मीर में सरकार की ओर से आतंकवाद को खत्म करने के लिए चलाए गए तमाम अभियानों



और काफी हद तक मिली कामयाबियों के बावजूद आज भी वहां आतंकी संगठनों के पांव पूरी तरह उखाड़े नहीं जा सके हैं। हाल के महीनों में आतंकवादी हमलों में सुरक्षा बलों के कई जवानों को जान गंवानी पड़ी है। हालांकि इस बीच कई स्तरों पर अपने अभियानों में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है और अचानक मुठभेड़ की स्थिति पैदा होने पर खासी संख्या में आतंकवादी भी मारे गए। एक रपट के मुताबिक, अकेले इस साल की शुरूआत से लेकर पांच जुलाई तक चले चौबीस से ज्यादा अभियानों में कम से कम सत्ताईस आतंकी मारे गए। इसमें आठ स्थानीय और उन्नीस विदेशी आतंकी थे। पिछले साल भी सवा सौ आतंकियों को मार गिराया गया था। शायद इसी हताशा और निराशा में आतंकी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए हमले की कोशिश करते रहते हैं। मगर मारे गए आतंकियों की पहचान के आधार पर यह साफ होता है कि कश्मीर में आतंकवाद की समस्या अगर अब भी बनी हुई है, तो इसके पीछे विदेशी तत्त्वों का हाथ है। हालांकि यह छिपा नहीं है कि भारत में घुसपैठ से लेकर आतंकी हमले में जिन संगठनों का हाथ रहा है, वे पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करते रहे हैं। मगर इस मसले पर अक्सर फजीहत होने और कठघरे में खड़ा होने के बावजूद पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आता। गौरतलब है कि हाल ही में पुलिस ने कुलगाम से चलने वाले आतंकी भर्ती अभियान का पदार्फाश किया था। उस समय एक शोधकर्ता के साथ दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वे कश्मीरी युवाओं को पैसे का लालच देकर आतंकवादी बनाते थे। कुलगाम की इस घटना को दरअसल आतंकवाद के जाल की एक कड़ी भर माना जा सकता है। इस तरह की गतिविधियां आतंकी संगठन उस समूचे इलाके में चलाते रहते हैं। मसले की ठीक समझ न रखने वाले कुछ भोले-भाले लोग उनके जाल में फंस भी जाते हैं। हालांकि स्थानीय पुलिस और सुरक्षा बलों को वहां के नागरिकों में भरोसा बहाल करने में कामयाबी भी मिली है और ऐसे तमाम मामले सामने आए हैं, जिनमें स्थानीय लोगों ने आतंकियों का साथ देने से इनकार किया।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# इमरान पर शिकंजा

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ यानी पीटीआइ के नेता इमरान खान की आखिरकार सजा मुकर्रर हो गई। वहां की एक अदालत ने उन्हें तोशाखाना मामले में तीन साल की जेल, एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उनके पांच साल तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस फैसले पर स्वाभाविक ही इमरान समर्थकों में रोष है। पीटीआइ ने इसे सियासत से प्रेरित फैसला बताया है। इमरान पर तोशाखाना घोटाले का आरोप पुराना है। निचली अदालत के फैसले के खिलाफ वे सर्वोच्च न्यायालय गए थे, मगर उसने इस पर सुनवाई से इनकार कर दिया था और निचली अदालत को ही फैसला देने का निर्देश दिया था। फिर वहां के चुनाव आयोग ने इमरान खान को अयोग्य करार दे दिया था। ताजा फैसले से पीटीआइ को करारा झटका लगा है। अब वहां चुनाव होने हैं, जिसकी घोषणा जल्दी ही हो सकती है और इमरान खान के चुनाव लड़ने पर रोक लगने से उनकी पार्टी स्वाभाविक रूप से कमजोर हो जाएगी, क्योंकि वही प्रमुख चेहरा हैं। इससे सत्ता पक्ष को लाभ मिलने की संभावना जताई जा रही है। इमरान खान लंबे समय से सत्तापक्ष पर आरोप लगाते रहे हैं कि वह साजिशन उन्हें जेल में डालना और चुनाव प्रक्रिया से बाहर रखना चाहता है। इमरान खान पर आरोप था कि उन्होंने तोशाखाना से बहुमूल्य उपहार खरीद कर ऊंची कीमत पर बेचा और इस तरह भारी रकम जुटाई। तोशाखाना दरअसल पाकिस्तान का खजाना है, जिसमें नियम के मुताबिक प्रधानमंत्रियों को विदेशों से मिले उपहार जमा कराने पड़ते हैं। प्रधानमंत्रियों को विदेशों से जो उपहार प्राप्त होते हैं, उन्हें वे अपने पास नहीं रख सकते। अगर वे कोई उपहार अपने पास रखना चाहते हैं, तो वे उसकी नीलामी करके खरीदना पड़ता है। इस नियम के अनुसार इमरान खान ने करीब ढाई करोड़ रुपए के उपहार खरीदे और फिर उन्हें करीब पांच करोड़ रुपए में खुले बाजार में बेच दिया था। हालांकि इमरान इस मामले में खुद को पाक-साफ बता रहे थे, मगर अदालत ने इसे भ्रष्टाचार का मामला माना है। दरअसल, इमरान खान काफी समय से सत्तापक्ष और सेना की आंख की किरकिरी बने हुए थे। उन्होंने सत्ता में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लंबी यात्रा निकाली थी, जिसमें उन पर जानलेवा हमला किया था। उन्होंने सेना के अधिकारियों के खिलाफ भी खुल कर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। जब वे प्रधानमंत्री थे, तब भी उनका सेना के आला अधिकारियों से मनमुटाव बना हुआ था। इमरान खान आशंका जताते रहे हैं कि उन्हें जेल में डाल कर सत्तापक्ष उनकी हत्या कराना चाहता है। मगर अब उन्हें जेल में ही रहना पड़ेगा। इस वक्त पाकिस्तान की जैसी माली हालत है और लोगों को दो वक्त की रोटी के लिए भी भारी मशक्कत करनी पड़ रही है, खजाना बिल्कुल खाली होने के कगार पर पहुंच चुका है, उसमें सरकार से लोग बहुत नाराज हैं। इमरान खान के प्रति उनका झुकाव बढ़ा था। ऐसे में पीटीआइ के इस आरोप का आधार हो सकता है कि इमरान को जेल भेजने की साजिश सत्तापक्ष ने रची थी। अगले चुनाव में इमरान प्रचार नहीं कर सकेंगे, इसलिए उनकी पार्टी का प्रभाव अपने आप कमजोर होता जाएगा और इसका लाभ सत्तापक्ष को मिलेगा। मगर इसका नुकसान आखिरकार वहां की अवाम को ही उठाना पड़ेगा, जो लंबे समय से मुफलिसी और बेरोजगारी के आलम में बसर करने को मजबूर है।

# रॉयल ब्यावर ने मनाया सावन महोत्सव

## पर्यावरण संरक्षण हेतु लगाये 108 पौधे

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। महावीर इन्टरनेशल रॉयल ब्यावर द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक राहुल बाबेल, रुपेश कोठारी ने बताया कि सावन का विशेष महत्व होता हैं।इस लिये रॉयल ब्यावर द्वारा नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में सदस्यों एवं उनके परिवार हेतु सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। नवलेश बुरड़, मुकेश बाफणा ने बताया कि सभी सदस्यों एवं बच्चों के लिए हाऊजी, अंताक्षरी प्रतियोगिता एवं मनोरंजक गेम्स का आयोजन किया गया जिसका सभी ने आनन्द उठाया।इस अवसर पर संस्था की सामान्य सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें सचिव रूपेश कोठारी द्वारा अब तक संस्था में हुए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कोषाध्यक्ष अभिषेक नाहटा ने आय व्यय का ब्यौरा सभी सदस्य के समक्ष रखा। अध्यक्ष अशोक पालडेचा ने संस्था की भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों से संस्था के सेवा कार्यों में सक्रिय उपस्थिति रखने का आव्हान किया। साथ ही संस्था से जुड़े नए सदस्यों को शपथ दिलवाई गई।पर्यावरण सुरक्षा के जॉन कन्वेनर जितेंद्र धारीवाल द्वारा सभी को पर्यावरण सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान करते हुए प्लास्टिक




का प्रयोग कम से कम करने पर जोर दिया।तथा संस्था द्वारा 108 पौधे लगाने का निर्णय किया गया इस अवसर पर अगस्त माह में जिन वीर एवं वीरा सदस्यों का जन्मदिवस है उनका जन्मदिन मनाने के साथ नीलकंठ मंदिर परिसर में संस्था द्वारा छायादार पेड़ो का पौधरोपण किया गया। तथा संस्था द्वारा सदस्यों के 5 और उससे अधिक की तपस्या करने पर तपाभिनन्दन करने का निर्णय किया गया एवं आगामी दिनों में स्ट्रीट वेण्डर को छाता वितरित करने का भी निर्णय लिया जिसमें 2 छाते बाबुलाल नवरत्न आच्छा एवं 2 छाते राजेश सुराणा ने अपनी ओर से देने की घोषणा की ।ब्यावर के जिला बनने की खुशी में सदस्यों द्वारा आपस में एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। इस



अवसर पर बाबुलाल आच्छा, दिलीप दक, कमल पगारिया, नरेंद्र सुराणा, अमित बाबेल, पंकज दक, अमित मेहता, संदीप खींचा, पुष्पेन्द्र चौधरी,प्रदीप मकाना, मनोज रांका, राजेश सुराणा, रोहित मुथा, विनय डोसी, मंजू बाफना, ललित बोहरा,कमल जालोरी, इति बिनायकिया,सारिका खींचा,रेखा नाहटा,कान्ता पालडेचा, रेखा नाहटा,संध्या बोहरा,रेखा बाबेल, विनीता मुथा, रेखा राजेश सुराणा, राजलक्ष्मी धारीवाल,कोमल मेहता,अनिता पगारिया,पुनम मकाणा, पीना रांका, रेखा नरेन्द्र सुराणा, नीता दक, प्रेमलता आच्छा, विजयलक्ष्मी दक, प्रियंका जालोरी, धर्नेन्द्र डोसी, रुचिका बुरड़,नवरत्न अच्छा आदि सदस्य उपस्थित थे।

## जीवन को सुंदर बनाइए: श्रमण श्री विशल्यसागर जी



**विशाल पाटनी. शाबाश इंडिया**

भागलपुर। मनुष्य तीन प्रकार के होते है कुछ लोग हैं कुछ लोग तो ऐसे होते है,जो सारी जिंदगी केवल पत्थर तोड़ने का कार्य करते है कुछ लोग हैं जो केवल पेट पाल कर रह जाते है लेकिन वे लोग विरले होते है जो अपने जीवन को मंदिर बना डालते है,जिस मनुष्य के भीतर क्रोध भरा होगा,जिस व्यक्ति के भीतर गुस्सा होगा,उसे सब गुस्से से भरे दिखाई पड़ेगें और उसका जबाब भी यही होगा कि पत्थर तोड़ रहा हूँ।ऐसे व्यक्ति अपनी जिंदगी को केवल पत्थर बनाते है और पत्थर तोड़ने का कार्य करते है वे अपने जीवन में कुछ हासिल नहीं कर पाते हैं। श्री 1008 वासुपूज्य दि. जैन मंदिर भागलपुर में विराजमान झारखण्ड राजकीय अतिथि सराक केसरी श्रमण श्री विशल्सागर जी मुनिराज ने सभी भव्य जनों को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरे लोग बड़े विरल पर विलक्षण होते है ये लोग वे होते है जो अपने जीवन के प्रति अहोभाव से भरे होते है जिनका दृष्टिकोण अपने जीवन के प्रति बड़ा सकारात्मक होता है जो अपनी जिदंगी को सकारात्मकता से लेते है।


श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय
श्री महेंद्र कुमार जी पाटनी
के आकस्मिक निधन पर हम विनम्र-श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुधीर जैन गोधा संस्थापक अध्यक्ष | अशोक जैन कोटलर सचिव | सीए मनोज जैन कोषाध्यक्ष | सुधांशु कासलीवाल एडवाइजर |
| प्रमोद जैन चेयरमैन फंड राइजिंग | अजय गंगवाल चेयरमैन सोशल प्रोजेक्ट | नीरज गंगवाल चेयरमैन हेल्थ अवेरनेस | राजेश गंगवाल चेयरमैन परमानेंट प्रोजेक्ट |
| इंजी. कमलेश जैन चेयरमैन आईटी | जे के जैन चेयरमैन सोशल हेल्प | निर्मल जैन चेयरमैन पब्लिक रिलेशन | उजास जैन चेयरमैन सर्विस प्रोजेक्ट |
| अजय कटारिया को -चेयरमैन | मुकेश सोगानी को -चेयरमैन | अक्षित ठोलिया | नवीन ठोलिया |

एवम समस्त कार्यकारिणी जैन सिटीजन फाउंडेशन ट्रस्ट, जयपुर

श्रद्धांजलि



दिगम्बर जैन समाज के भीष्म पितामह
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के मानद् मंत्री
हमारे आदरणीय

के निधन से हम सभी शोक संतप्त है।
हम श्रद्धासुमन सादर
समर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत
समाचार जगत परिवार


# श्री शांतिनाथ महामण्डल विधान धर्म ही असली कमाई : गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी



**गुंशी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी , जिला - टोंक (राज.) के तत्त्वावधान में गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में अरुण दीवान अध्यक्ष तीनों नसियां जयपुर परिवार ने मिलकर शांतिप्रभु की आराधना की। बाबूलाल चौमूंबाग वालों ने माता स्वर्गीय मनभर देवी की पुण्य स्मृति में 1008 शांति विधान रचाया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त किया। तत्पश्चात संबोधन देते हुए गुरु माँ ने कहा कि - शरीर का प्रयोग कुछ लोग पाप कमाने में करते हैं वहीं कुछ लोग पूण्य कमाने में करते है और कुछ जीव ऐसे है जो पाप और पुण्य से अलग होने में करते हैं । वे ही जीव असली धर्म कमाकर मुक्ति को प्राप्त करते हैं। शाम को शांतिनाथ भगवान की श्रद्धालुओं ने मंगलमय आरती की। तत्पश्चात शान्तिमन्त्र के जाप पूर्वक विश्व शांति की भावना भायी।




विन्रम श्रद्धांजलि
हमारे प्रेरणास्त्रोत
श्री महेन्द्र कुमार जी पाटनी
के आकस्मिक निधन हम सभी
अश्रुपुरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित करते है।
दिवंगत आत्मा को सदगति प्राप्त हो एवं परिवार व
हम सभी को यह आघात सहन करने की क्षमता प्राप्त हो
ऐसी भगवान महावीर स्वामी से कामना करते है।
श्रद्धावनत
ज्ञान चंद कासलीवाल (अध्यक्ष) संजय जैन छाबड़ा (मंत्री)
एवं समस्त कार्यकारणी दिगम्बर जैन पंचायत सकल समाज, श्री महावीर जी


गजराज जैन गंगवाल ने कहा...

## जैन समाज राजनीति में आगे बढ़े



राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया

**नई दिल्ली।** जैन राजनैतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज जैन गंगवाल ने कहा कि जैन समाज हमेशा से राष्ट्र हित में काम करता रहा है। प्रथम लोकसभा में जैन समाज से 35 से 40 सांसद थे एवम संविधान सभा में भी जैन समाज कें 5 जन सम्मलित थे जैन समाज की संख्या लाखों में होने के बावजूद वह सबसे अधिक कर केन्द्र और राज्य सरकार को देता है जो की इस बात का सबूत है कि जैन समाज का राष्ट्र हित में महत्वपूर्ण योगदान है। जैन समाज द्वारा पूरे देश में जगह जगह धर्मशाला, प्याउ, अस्पताल, स्कूल आदि बनवाये गये जिनकी संख्या अनिगिनत है।


श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय
श्री महेंद्र कुमार जी पाटनी
के आकस्मिक निधन पर हम
विनम्र-श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

| | | | |
|---|---|---|---|
| संस्थापक अध्यक्ष, नवीन सेन जैन | अध्यक्ष, मोहनलाल गंगवाल | सचिव, गिरीश जैन | कोषाध्यक्ष, कैलाश सेठी |
| पूर्व अध्यक्ष महावीर बाकलीवाल | कार्याध्यक्ष सुरेश चन्द जैन | मुख्य परामर्शक चन्द्र कांता छाबड़ा | वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र बाकलीवाल |

समस्त कार्यकरिणी एवम सदस्य दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार, जयपुर

# गाजियाबाद में धूमधाम से मनाया गया मुनि श्री अनुकरण सागर जी का 9वां दिक्षा दिवस





गाजियाबाद। कविनगर गाजियाबाद में मुनि अनुकरण सागर जी महाराज का 9वां दिक्षा दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दिनेश जैन ने नई पीछी मुनि श्री को भेंट की व पुरानी पीछी प्राप्त करने का लाभ लिया। समारोह में ब्रह्मचारी शिवम भईया ने मंच संचालन किया।

# हंसी हंसी मे कर्म बांधा जा सकता है लेकिन जब कर्म उदय मे आता है तब हंसी नही आती: मुनि शुद्ध सागर जी महाराज



राकेश संघी. शाबाश इंडिया

निवाई। मुनि शुद्ध सागर जी महाराज ने कहा कि हंसी हंसी मे कर्म बांधा जा सकता है लेकिन जब कर्म उदय मे आता है तब हंसी नही आती तब भोगना पड़ता है।यह बात मुनि श्री ने मंगलवार को शांतिनाथ भवन बिचला जैन मंदिर मे धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कही। मुनि श्री ने कहा कि सीता को कितने वर्ष तक पति का वियोग सहना पड़ा। यह कर्म कहा बांधा था पूर्व भव मे उसने एक पक्षी के जोड़े को अलग अलग कर दिया था सिर्फ हंसी हंसी में उसका परिणाम इस भव में पति का वियोग सहना पड़ा। मुनि श्री ने कहा कि कर्म तुम्हे भी छोड़ने वाले नही है जैसा कर्म करेगा वैसा फल मिलेगा। यदि तुने किसी पंछी को पिंजरे मे बंद कर दिया तो अगले भव मे तुझे भी बंद होना पड़ेगा। उन्होने कहा कि जीव को बांधकर के तुने उसकी स्वत्रंता का हनन कर दिया इसलिए तुने कर्म का बंध कर दिया। साधु स्वयं के ऊपर उपसर्ग सह सकता है लेकिन दूसरे को कष्ट नही दे सकता है। चातुर्मास कमेटी के प्रवक्ता राकेश संघी ने बताया कि प्रवचन से पूर्व मंगलाचरण सिगोली व रावतभाटा की सिटू जैन मधुर भजन गाकर किया। दीपप्रज्जवलन अध्यक्ष हेमचन्द संघी नन्दलाल द्वारा किया गया। संघी ने बताया कि प्रवचन से पूर्व भगवान शांतिनाथ की शांतिधारा के साथ कलशाभिषेक किए गये।बाद मे चोबीस तीर्थकर आदिनाथ भगवान मुलनायक शांतिनाथ भगवान महावीर स्वामी के साथ आचार्य वर्धमान सागर जी विधासागर जी विराग सागर जी विशुद्ध सागर जी एवं मुनि शुद्ध सागर जी महाराज का सामूहिक अर्घ चढ़ाया गया।

श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय

श्री महेंद्र कुमार जी पाटनी

के आकस्मिक निधन पर हम विनम्र-श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

अशोक जैन बड़जात्या
राष्ट्रीय अध्यक्ष

सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या
राष्ट्रीय महामंत्री

एवम समस्त कार्यकारिणी दिगम्बर जैन महासमिति




# दिगंबर जैन समाज रथ यात्रा निकाल कर की धर्म प्रभावना

## अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ यात्रा का भक्तिमय हुआ आयोजन

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन समाज की परम पूजनीया गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के आशीर्वाद से आज गंगापुर सिटी में भगवान ऋषभदेव की जन्मभूमि अयोध्या तीर्थ प्रभावना भावना रथयात्रा भक्तिभाव के साथ निकाली गई। रथ यात्रा में जैन बंधु पचरंगी ध्वजा हाथ में लेकर ₹ऋषभदेव गुण गाएंगे अयोध्या तीर्थ सजाएंगे₹, ₹रत्न शिला लगाएंगे, अयोध्या तीर्थ सजाएंगे₹, जैसे नारे लगाते हुए एवं भजनों की ध्वनि पर नृत्य करते हुए रथ के साथ साथ चल रहे थे। अयोध्या से प्रारंभ हुआ धर्म प्रभावना रथ नगर नगर गांव गांव होता हुआ आज गंगापुर सिटी मैं पहुंचा जहां पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रथ की अगवानी की गई। आज सुबह रथ यात्रा से पूर्व पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम जी के मंदिर प्रांगण में धर्म सभा का आयोजन किया गया जिसमें रथ के साथ चल रहे प्रतिष्ठाचार्य सुदर्शन जैन एवं अकलंक जैन ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में जैन धर्म के 5 तीर्थंकर ने आज से करोड़ों वर्ष पूर्व अयोध्या में जन्म लेकर इस धरती को पावन किया। प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव द्वितीय तीर्थंकर भगवान अजीतनाथ चतुर्थ तीर्थंकर भगवान अभिनंदन नाथ पंचम तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ एवं चौदवे तीर्थंकर भगवान अनंतनाथ का अयोध्या में जन्म हुआ है मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म नो लाख वर्ष पूर्व माना गया है। इसी धरती पर भगवान ऋषभदेव के पुत्र भरत का जन्म हुआ जिनके नाम से देश का नाम भारत रखा गया भगवान बाहुबली का जन्म भी इसी धरती पर हुआ अर्थात तीर्थंकर



चक्रवर्ती एवं कामदेव बलभद्र नारायण आदि महापुरुषों का जन्म स्थान है ऐसे सांसद तीर्थ अयोध्या का विकास पूजनीय प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के आशीर्वाद से हो रहा है लेकिन अब समय आ गया है कि हम अपनी अयोध्या को और अधिक सुंदर बनाएं इसी भावना के मद्देनजर अयोध्या में भगवान ऋषभदेव के जीवन से संबंधित कई विशाल और भव्य मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है इन मंदिरों के निर्माण में भारत की समस्त जैन समाज का सहयोग हो इसीलिए यह धर्म प्रभावना रख पूरे देश में सभी जगह रथ यात्रा निकाली जा रही है। इस अवसर पर रथ यात्रा से पूर्व रथ यात्रा के पात्रों का चयन किया गया जिसमें सौधर्म इंद्र डॉक्टर मनोज जैन सुलेखा जैन, कुबेर इन्द्र बनने का जिनेंद्र पांड्या चिंटू पांड्या, को धर्म मिला, प्रथम पलना झुलाई का लाभ प्रेमचंद रचना जैन को मिला वही भगवान की आरती करने का धर्म लाभ प्रवीन जैन नीरा जैन गंगवाल को मिला।

# ''भारत तिब्बत सहयोग मंच'' का लक्ष्य और उद्देश्य, मानसरोवर की मुक्ति तिब्बत की आजादी




**जया अग्रवाल. शाबाश इंडिया**

ग्वालियर, मध्य प्रदेश। भारत तिब्बत सहयोग मंच के मध्य क्षेत्र संयोजक गिरिराज किशोर पोद्दार राजू भैया पूर्व विधायक कटनी, के आतिथ्य मे ग्वालियर ओल्ड विश्राम गृह में पत्रकार वार्ता का आयोजित की गई। राजू भैया ने अपने व्याख्यान में भारत तिब्बत सहयोग मंच के उद्देश एवं लक्ष्य की विस्तार में जानकारी देते हुए बताया कि, चीन के द्वारा तिब्बत पर कब्जा करने, से हमारे देवा दी देव महादेव का धाम 'कैलाश मानसरोवर' विस्तार वादी चीन के कब्जे में चला गया है साथ ही भारत की सुरक्षा पर भी बहुत बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया। भारत की सुरक्षा एवं महादेव का धाम कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए भारत तिब्बत सहयोग मंच 25 वर्षों से कार्य कर रहा है इस मंच की स्थापना 5 मई 1999 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सरसंघचालक रज्जू भैया द्वारा एवं परम पूजनीय सुदर्शन जी के मार्गदर्शन में की गई थी, जिसका मार्गदर्शन तब से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ इंद्रेश कुमार जी कर रहे हैं। मुख्य के रूप से मध्य भारत प्रांत के महामंत्री अर्जुन अग्रवाल, मध्य भारत प्रांत महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोनिका जैन एडवोकेट,प्रांत श्रावण संकल्प संयोजक डॉ चंद्र कुमार दुबे, ग्वालियर जिला संयोजक राम बहादुर सिंह भदौरिया,श्रीकांत पोद्दार, बृजराज सिंह तोमर, विजय पाल सिंह, एस बी दुबे, रघुवीर सिंह तोमर, रामनरेश भदौरिया एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# आदिवासी एक समान


एक तीर एक कमान,
आदिवासी एक समान
पूरे विश्व में हमारी यही
तो है पहचान।
प्रकृति के संरक्षण में दे दिया
हमारे पुरखों ने अपना बलिदान।
इस धरा के हम पहले रहवासी है।
हर युद्ध में हमारा सबसे पहले
रहा है योगदान।
अठारह सौ सत्तावन की क्रांति का
पहला बिगुल हमारे पुरखों ने
ही तो बजाया था ।
मां भारती के चरणों में दे दिया था।
सबसे पहले अपना बलिदान,
मानगढ़ धाम में कतरा कतरा
हमारे पुरखों ने ही तो बहाया था।
महाराणा प्रताप की भुजाओं में
बल हमारे पुरखों के साहस से
ही तो आया था।
हमारे पुरखों का उलगान जारी है।
आज भी अपने हकों के लिए,
संघर्ष हमारा जारी है।
जय जोहार जय जोहार।



डॉ.कांता मीना
शिक्षाविद् एवं साहित्यकार




**श्रद्धांजलि**
हमारे परम संरक्षक
**श्री महेन्द्र कुमार जी पाटनी**
(बापू नगर निवासी)
के आकस्मिक निधन
पर हम विनम्र श्रद्धांजलि
अर्पित करते हैं।
श्रद्धावनत
तारा चंद पाटनी (अध्यक्ष)
प्रबंधकारिणी समिति श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय, एवं सकल दिगंबर जैन समाज बापू नगर, जयपुर
जे.के. जैन (मंत्री)



**श्रद्धांजलि**
हमारे आदरणीय सरल स्वभावी
**श्री महेन्द्र कुमार जी पाटनी**
(बापू नगर निवासी)
के आकस्मिक निधन
पर हम विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
श्रद्धावनत
श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान,
सांगानेर, जयपुर (राज.)
प्रबन्धकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य



**श्रद्धांजलि**
हमारे आदरणीय
**श्री महेन्द्र कुमार जी पाटनी**
के आकस्मिक निधन
पर हम विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
श्रद्धावनत
नन्दकिशोर, प्रमोद, सुनील पहाड़िया
दर्शन कुमार जैन (बस्सीवाले), शैलेन्द्र गोधा (समाचार जगत)
विनोद छाबड़ा (मोनू), मोहित राणा



**श्रद्धांजलि**
हमारे आदरणीय
**श्री महेन्द्र कुमार जी पाटनी**
के आकस्मिक निधन
पर हम विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
श्रद्धावनत
छितरमल भूरामल जैन
बस्सीवाला परिवार

# लेकसिटी के युवा चित्रकारों की पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी 'नेक्स जी 2023' शुरू





**उदयपुर. शाबाश इंडिया**
दृश्य कला विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्व विद्यालय की कला दीर्घा मंगलवार की शाम लेकसिटी के युवा कलाकारों की चहक से गूंज रही थी। इतना ही नहीं, कला दीर्घा में लगी उनकी कृतियों के गर्व की दमक भी उनके चेहरों पर सहज देखी जा सकती थीं। मौका था राजस्थान ललित कला अकादमी और दृश्य कला विभाग, सुविवि के साझे में आयोजित 'नेक्स जी2023' चित्रकला प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर का। इस खास मौके पर शहर के वरिष्ठतम ख्यात कलाकर प्रो. सुरेश शर्मा, प्रो. शैल चोयल, विभागाध्यक्ष डॉ.धर्मवीर वशिष्ठ, बशीर अहमद परवेज और राजस्थान ललित कला अकादमी अध्यक्ष लक्ष्मण व्यास ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। क्यूरेटर डॉ. शाहिद परवेज ने बताया कि इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी के लिए मिली 90 चित्रकृतियों में से चुनकर कुल 28 नवोदित प्रतिभाशाली चित्रकारों की साठ से अधिक कृतियां प्रदर्शित की गईं। ये सब बने भागीदार दीपिका पाराशर, सोनम फुलवारिया, प्रकाश सालवी, भवानी सिंह, वर्षा झाला, कपिल शर्मा, अब्दुल समद शेख, अमित सोलंकी, जगदीश सालवी, मुक्ता शर्मा, डिंपल चंडात, पुरुषोत्तम, प्रवीण बरांडा, जयेश सिकलिगर, नैना सोमानी, सुमन जोशी, सूरज सोनी, उदयलाल, दिलीप डामोर, ज्योतिका राठौर, प्रभुलाल गमेती, कुमुदनी भरावा, शहनाज मंसूरी, कालिया पाटीदार (स्कल्पचर) और यश खत्री (शॉर्ट फिल्म)। उद्घाटन अवसर पर डॉ. मीना बया, डॉ.मदन सिंह राठौड़, डॉ.हेमंत द्विवेदी, मयंक शर्मा, दीपिका माली, शर्मिला राठौड़, सुरेश पालीवाल (योग गुरु) सहित शहर के कई वरिष्ठ और युवा कलाकर उपस्थित थे। रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'


## तीये की बैठक



हमारे पूज्यनीय
**श्री महेन्द्र कुमार जैन (पाटनी)**
(मानद मंत्री, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीर जी) का निधन 07-08-2023 को हो गया है। तीये की बैठक 10.08.2023 को प्रातः 8.30 बजे भट्टारकजी की नसियां में होगी।

शोकाकुल :- ताराचंद, राजदेवी, पद्म, विजय, जयकुमार, अशोक, प्रदीप (भ्राता- भ्रातावधु), नरेन्द्र- सरोज, जिनेन्द्र - विजयलक्ष्मी, सुभाष- शीला, अशोक- अर्चना, अभिषेक- अर्चना (पुत्र-पुत्रवधू), कमल, बसंत, नवीन, करेश, पुनीत एवं समस्त पाटनी परिवार कालाडेरावाले। मो. 9314523502,
ससुरालपक्ष : नेमीचन्द, महावीर, पदमचन्द, विनोदकुमार, सत्येन्द्र, हरीशचन्द, मोहनलाल, ईश्वरीप्रसाद, डॉ. चन्द्रभान, डॉ. निर्मल कुमार ।



## तीये की बैठक



हमारे पूज्यनीय
**श्री महेन्द्र कुमार जैन (पाटनी)**
(मानद मंत्री, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीर जी) का निधन 07-08-2023 को हो गया है। तीये की बैठक 10.08.2023 को प्रातः 8.30 बजे भट्टारकजी की नसियां में होगी।

शोकाकुल :- अनुराग- विधी, अनुपम- प्रियंका, अक्षत, विनायक- प्राची, ऐश्वर्य- मिनाली, सिद्धार्थ- मीनल, ओजस (पौत्र-पौत्रवधू), स्वस्ति, धरा, (पौत्री), रिद्धी, आदीश, आर्यन, नायशा, देमिरा (पड़पौत्र, पड़पौत्री), प्रसन्न - शांति कुमारजी (बहन- बहनोई), रीता- प्रमोदजी रांवका, रीना- मनीषजी मेहता (पुत्री- दामाद) श्वेता- परिवेशजी (पौत्री- दामाद), प्रमोद, विशाल (भांजे), रिचा- राहुल ( दोहीती- दोहती दामाद), उज्जवल, जलज, परिणय, तन्मय (दोहिती- दोहिता), रानी - महेन्द्रजी (साली- साढू)

# मुंबई की जहांगीर आर्ट गैलरी में लुभा रही है झीलों की नगरी के शंकर शर्मा की चित्रकृतियाँ


**उदयपुर. शाबाश इंडिया**


कैंसर पीड़ितों की सहायतार्थ मुंबई की जहांगीर आर्ट गैलरी में आयोजित सात दिवसीय 'रेपसोडी 2023' (असंबद्ध काव्य) कला प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नरवेकर के हाथों हुआ। इसमें देश के 20 नामचीन और ख्यात कलाकारों की अलग अलग शैली की पेंटिंग्स और स्कल्पचर कला रसिकों को आकृष्ट कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न प्रांतों से वासुदेव कामत, प्रदीप सरकार, शशिकांत धोत्रे, प्रकाश घोड़गे, गोपाल परदेशी, दीपक बी पाटिल, सुदीप्त अधिकारी, आसिफ हुसैन, ज्योत्सना सोनावने, डॉ.शैफाली भुजबल, रमनप्रीत नारंग, प्रतिभा गोयल और अजय डे जैसे बड़े कलाकारों के साथ राजस्थान से इकलौते प्रतिभाशाली युवा चित्रकार डॉ. शंकर शर्मा की भी चित्रकृतियां प्रदर्शित हुई हैं। बता दें, आर्टिवल फाउंडेशन की ओर से आयोजित यह प्रदर्शनी आमजन के लिए 14 अगस्त तक जारी रहेगी।




**रिपोर्ट : राकेश शर्मा 'राजदीप'**



# श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय

## श्री महेंद्र कुमार जी पाटनी

के आकस्मिक निधन
पर हम विनम्र श्रद्धांजलि
अर्पित करते हैं ।

**श्रद्धावनत**

**नन्दकिशोर, प्रमोद, सुनील पहाड़िया**
**दर्शन कुमार जैन** (बस्सीवाले)
**शैलेन्द्र गोधा** (समाचार जगत)
**विनोद छाबड़ा (मोनू), मोहित राणा**


यादों में सदा रहेंगे आप ''श्री महेंद्र कुमार जी पाटनी''

# समाजसेवी महेन्द्र कुमार पाटनी पंचतत्व में विलीन

## पाटनी के निधन पर समाज की संस्थाओं ने शोक जताया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीर जी के मानदमंत्री, दिगम्बर जैन महासमिति के वरिष्ठ कार्याध्यक्ष,दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के परामर्शक, राजस्थान जैन सभा जयपुर के पूर्व अध्यक्ष सहित समाज की विभिन्न संस्थाओं से जुड़े महेन्द्र कुमार पाटनी के पार्थिव शरीर को मंगलवार को लालकोठी मोक्षधाम पर गमगीन माहौल में विधि विधान से पंच तत्व में विलीन कर दिया। राजस्थान जैन सभा एवं महावीर जी कमेटी सहित अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं परिवारजनों ने श्री पाटनी को मालाएं पहनाकर,पुष्प गुच्छ समर्पित कर भावभीनी बिदाई दी। इस मौके पर जयपुर जैन समाज के गणमान्य श्रेष्ठीजनों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। श्री पाटनी के आकस्मिक निधन पर समाज की कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शोक जताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चूलगिरि के संरक्षक प्रवीण चन्द्र छाबड़ा, जस्टिस एन के जैन,दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, पूर्व अध्यक्ष एन के सेठी,श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमराव मल संघी, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के कोषाध्यक्ष विवेक काला, राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दर्शन बाकलीवाल,महामंत्री मनीष बैद,महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र पांड्या, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, निवर्तमान अध्यक्ष यश कमल अजमेरा, महासचिव निर्मल संघी, श्रमण संस्कृति संस्थान के कार्याध्यक्ष प्रमोद पहाड़िया, विनोद छाबड़ा ₹मोनू₹ , राजस्थान जैन युवा महासभा के संस्थापक अध्यक्ष ज्ञान चंद झांझरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, श्री वीर सेवक मंडल के अध्यक्ष महेश काला,मंत्री भानु कुमार छाबड़ा व कोषाध्यक्ष








राकेश कुमार छाबड़ा ने शोक जताते हुए कहा कि पाटनी का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है,जिसकी भरपाई कर पाना मुश्किल है।समाज के लिए उनके किए गए कार्यों को सदैव याद किया जाएगा। इसी कड़ी में भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी राजस्थान अंचल के अध्यक्ष राज कुमार कोठ्यारी, पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन ₹नेता₹, कमल बाबू जैन, एडवोकेट हेमंत सोगानी, अनिल जैन , महावीर स्कूल के मानद मंत्री सुनील बख्शी,रोटेरियन सुधीर गोधा, समाचार जगत के प्रधान संपादक शैलेन्द्र गोधा, अजमेरा, शाबाश इण्डिया समाचार पत्र के प्रधान संपादक राकेश गोदीका, सन्मति ग्रुप के सचिव अनिल संघी , अनिल दीवान, महावीर सोगानी, नवीन सेन जैन, राजीव गाजियाबाद , नवकार ग्रुप के मोहन लाल गंगवाल सहित कई संस्था पदाधिकारियों ने भी पाटनी के निधन पर शोक जताया है। @... पेज 14 पर

# आपकी यादें भी देती रहेंगी सदेव समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा

# श्री महेंद्र कुमार जी पाटनी



आपका जन्म दिनांक 28 दिसम्बर, 1933 को कालाडेरा ग्राम (जिला जयपुर) में प्रसिद्ध पाटनी परिवार के श्री भँवरलाल जी पाटनी के यहाँ हुआ। आपने जयपुर के महाराजा कालेज राजस्थान विश्वविद्यालय से एम.कॉम. तक शिक्षा प्राप्त कर उद्योग विभाग राजस्थान में सर्विस कर उपनिदेशक उद्योग के पद से सेवा निवृत्त हुए। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी की प्रबन्धकारिणी कमेटी के 1 अगस्त, 1991 को सदस्य बने तथा दिनांक 5 अप्रेल, 1998 से दिनांक 3 फरवरी, 2002 तक संयुक्त मंत्री रहे । दिनांक 26 फरवरी, 2011 से फरवरी, 2014 तक कोषाध्यक्ष रहे तथा फरवरी, 2014 से निरन्तर मानद मंत्री के पद पर कार्यरत रहे। आप राजस्थान जैन सभा के संयुक्त मंत्री, मंत्री तथा 10 वर्षों तक अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहे । दिगम्बर जैन महासमिति के 4 वर्ष से अधिक राजस्थान अंचल के अध्यक्ष रहे तथा वर्तमान में गत 10 वर्षो से दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष हैं । दिगम्बर जैन महासमिति पत्रिका के आप वर्षो तक प्रधान सम्पादक/मानद सम्पादक रहे। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष रहे तथा वर्तमान में राष्ट्रीय परामर्शक रहे थे। दिगम्बर जैन समाज बापू नगर सम्भाग के वर्षो से अध्यक्ष रहे। राजस्थान जनमंच के पूर्व अध्यक्ष, दिगम्बर जैन आचार्य संस्कृत महाविद्यालय के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे। दिगम्बर जैन मंदिर महासंघ राजस्थान के अध्यक्ष रहे। भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के परामर्शक, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी थे तथा विभिन्न संस्थाओं / ट्रस्टों / मंदिरों के ट्रस्टी व पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सदस्य थे आप।